प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित

पंतनगर। 10 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष एवं कमेटी के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय में 20 से 22 फरवरी, 2025 तक 17वें एग्रीकल्चर साईंस कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करने हेतु आह्वान किया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाने के लिए सभी से योगदान की अपेक्षा की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ही नही बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं एवं वैज्ञानिक भी प्रतिभाग कर रहे हैं।

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार